भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न** संख्या-61

उत्तर देने की तारीख-03/02/2025

## बिहार में आदर्श विद्यालय

**†61. श्री तारिक अनवर:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा देश भर में कितने आदर्श विद्यालय स्थापित किए गए हैं;
(ख) सरकार द्वारा इन विद्यालयों की स्थापना के लिए स्थानों के चयन के लिए निर्धारित मानदंड क्या हैं;
(ग) आदर्श विद्यालय योजना के अंतर्गत शामिल किए गए जिलों और राज्यों की कुल संख्या कितनी है और ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों और वंचित क्षेत्रों का प्रतिशत क्या है जिनको सरकार द्वारा प्राथमिकता दी गई है;
(घ) इन विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ड.) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान ऐसे विद्यालयों की स्थापना के लिए प्राप्त/स्वीकृत प्रस्तावों की संख्या कितनी है और विशेष रूप से बिहार सहित राज्यवार ऐसे स्कूल कहां-कहां खोले गए हैं;
(च) सरकार द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान प्रदान की गई वित्तीय सहायता का विशेष रूप से बिहार सहित राज्यवार, स्थाानवार ब्यौरा क्या है; और
(छ) आदर्श विद्यालयों में विशेष रूप से लड़कियों और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदायों के छात्रों के नामांकन दरों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) से (छ): मॉडल स्कूल योजना में ब्लॉक स्तर पर उत्कृष्टता के बैंचमार्क के रूप में प्रति ब्लॉक एक मॉडल स्कूल स्थापित करने की परिकल्पना की गई है। इस योजना के कार्यान्वयन के दो प्रकार थे, अर्थात (i) राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉकों (ईबीबी) में स्कूलों की स्थापना, और (ii) उन ब्लॉकों, जो शैक्षिक रूप से पिछड़े नहीं हैं, में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के तहत शेष स्कूल। इन मॉडल स्कूलों का उत्कृष्ट स्कूल होने के साथ-साथ पड़ोस के स्कूलों के लिए आदर्श स्कूल के रूप में स्थापित किया जाना अपेक्षित था।

इस योजना को वर्ष 2015-16 से भारत सरकार के समर्थन से अलग कर दिया गया है और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को हस्तांतरित कर दिया गया है।

****